पाठ 10. मुझको वर्दी पहना दो

पाठ का उद्देश्य

इस कविता को पढ़ने से बच्चों में देशप्रेम की भावना जागेगी। उनमें कर्तव्य-बोध आएगा। मातृभूमि और माँ के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कविता याद करने से उनकी स्मरण-शक्ति का विकास होगा तथा कविता में आए नए शब्दों से उनका शब्द-ज्ञान बढ़ेगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कविता याद करके सुनाने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- कविता को धाराप्रवाह सुनाएँ, ये ध्यान रखें।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएँ।
- चार-पाँच बच्चों के समूह बनाकर उन्हें इसे समूहगान के रूप में गाने को कहें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। लय में कविता सुनाने से उनमें संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। मित्रों के साथ मिलकर काम करने से उनमें सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।